हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 2 जून 2025

तापमान
अधिकतम 40 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .5 डिग्री

11 परमपिता परमात्मा की आज्ञाओं का हमें ...



12 पहरावर में बनेगा लॉ कॉलेज और भगवान ...



## तीन साल बाद फिर गोलियों से गूंज उठा गांव रिटौली, अब तक हो चुकी चार लोगों की मौत

# 6 साल से रंजिश की आग में जल रहा रिटौली कई बार हो चुके दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास

- खाप पंचायतों द्वारा भी दोनों पक्षों को समझाया गया
- हिमांशू भाऊ विदेश बैठकर चला रहा गैंग
- अनिल हत्याकांड में अभी आरोपियों की शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले का निकटवती गांव रिटौली छह साल से रंजिश की आग में जल रहा है। जिसमें अब तक चार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं जबकि कई लोगों पर फायरिंग कर जानलेवा हमले किए गए हैं। इन हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गांव में पुलिस चौकी भी बना दी लेकिन तीन साल बाद फिर से रविवार सुबह गांव में अनिल की हत्या हो गई। मृतक अनिल बाबा गैंग के अंकित का चाचा लगता है। अनिल हत्या सहित चार मामलों में नामजद रहा है और जेल से जमानत पर आया हुआ था। इस हत्याकांड के बाद रिटौली सहित आसपास के एरिया में दहशत का माहौल है। माना जा रहा है कि कई साल तक शांति के बाद दोबारा दोनों गैंग सक्रिय हो सकते हैं। रोहतक पुलिस हर पहलू को देखते हुए जांच पड़ताल में जुटी हुई है। शुरूआती जांच में शक हिमांशू भाऊ गैंग पर जताया गया है। पूरी जांच के बाद ही खुलासा हो सकता है।

### सुबह खेतों में हुई हत्या

सुबह सात बजे अनिल खेतों की तरफ गया था। जहां कई वाहनों पर आए तीन हमलावरों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी और फरार हो गए। माना जा रहा है रेकी कर वारदात को अंजाम दिया गया। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। उसे सात से आठ गोली मारी गई। वारदात की सूचना मिलने के बाद वाईवीआर शशी शेखर सहित अन्य अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। एसपी ने तीन टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए गठित की हैं।

### बिलखता परिवार



### पुलिस मुस्तैद



मृतक अनिल कुमार

### शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

अनिल की रविवार की सुबह गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारे कौन है, इसकी अभी शिनाख्त नहीं हुई है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। अभी कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। परिजनों की शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

-**राकेश कुमार**, एसएचओ शिवाजी कॉलोनी

### जान का खतरा बताया था

अनिल के परिवार का कहना है कि भाऊ गैंग के लोगों ने ही अनिल की हत्या की है। परिवार का आरोप है कि अनिल को धमकियां मिल रही थी। परिवार ने अपनी जान का खतरा बताया है।

### कई साल से चल रही दुश्मनी

गांव रिटोली गांव में 6 सालों से दो गैंग के बीच खेनी खेल चल रहा है। एक तरफ हिमांशु उर्फ भाऊ है, जो अमेरिका से ऑपरेट हो रहा है। दूसरी ओर अंकित उर्फ बाबा और उसका भाई सन्नी हैं। दोनों इस समय जेल में हैं।

### हिमांशु उर्फ भाऊ पर 18 से ज्यादा केस दर्ज

पुलिस के मुताबकि हिमांशु पर रोहतक, झज्जर और दिल्ली सहित अन्य जगह पर 18 से ज्यादा केस दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या की साजिश, लूट और जबरन वसूली जैसे मामले हैं। वह फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाकर भारत से फरार हो गया था। वह पहले पुर्तगाल गया और फिर वहां से अमेरिका। 2023 में एनआईए सहित हरियाणा पुलिस ने रोहतक और आसपास उसके ठिकानों पर पुलिस की रेड में दर्जनों मोबाइल फोन, सिम कार्ड, सात लाख कैश, हथियार और कई फर्जी कागजात बरामद किए गए थे। उस पर पुलिस ने 1.5 लाख का इनाम घोषित कर रखा है। वहीं अंकित और उसके साथियों पर हत्या सहित कई मुकदमें दर्ज हैं। जिसमें वह जेल में बंद हैं।

### दोनों पक्षों में कई बार समझौता

रिटोली में कई साल से दो पक्षों में चल रही रंजिश के दौरान कई खाप पंचायतें और संस्थाएं भी सामने आई थी उन्होंने दोनों पक्षों से बातचीत कर समझौते का प्रस्ताव रखा। इस दौरान आश्वासन भी दिया गया था कि दोनों तरफ से कोई वारदात नहीं की जाएगी। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चला है कि अनिल की हत्या किसने की है। किसी आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है।

### चप्पल छूटी



### मार्च 2022 में हुआ दोहरा हत्याकांड

पुलिस के मुताबिक मार्च 2022 में रिटौली गांव निवासी दलबीर सिंह ने बुधवार को दी शिकायत में बताया था कि उसने घर पर ही बैंक मित्र कार्यालय खोला हुआ है। कार्यालय में गांव का युवक रोहित उर्फ बजरंग भी बैठा था। शाम पांच बजे गांव का युवक अंकित उर्फ बाबा आया और बोला, उसे जेल में पैसे भेजने हैं। उसने कह दिया कि अब पैसे नहीं डलेंगे। थोड़ी देर बाद अंकित दो साथियों के साथ अंदर आया और रोहित उर्फ बजरंग को नजदीक से गोलियां मार दीं। इसके बाद भागने लगा। तब उसके पिता राजेंद्र ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। आरोपियों ने उसके पिता को भी गोली मार दी। उसके पिता की मौके पर मौत हो गई, जबकि रोहित ने पीजीआई में दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने बाबा गैंग के अंकित सहित कई लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तार किया था।

### पांचवे दिन बस मालिक की हत्या

रोहित हत्याकांड के पांचवे दिन ही हसंराज की हत्या कर भाऊ गैंग ने बदला ले लिया था। वारदात की सुबह शराब ठेकेदार एवं बस मालिक हंसराज उर्फ हंसे की तीन बाइक सवार युवकों ने गोली मार हत्या कर दी थी। हंसराज सहकारी समिति की अपनी बस लेकर गांव से रोहतक आ रहा था। पुलिस ने ईनामी हिमांशु उर्फ भाऊ सहित तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। हंसराज झज्जर के दुबलधन माजरा से रोहतक के बीच अपनी सहकारी समिति की बस चलाता था। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही है।

### आलाधिकारी पहुंचे



## खबर संक्षेप

### डॉ. निर्मल प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

**रोहतक।** डॉ. निर्मल चौधरी को राष्ट्रीय जाट महासभा ने हरियाणा प्रदेश की महिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों और महिलाओं के प्रति उनकी निष्ठा के आधार पर मिली है । नई जिम्मेदारी मिलने पर चौधरी ने राष्ट्रीय जाट महासभा के अध्यक्ष सचिन सरोहा ,हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन पावड़िया का आभार व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत होगा।

### यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में योग शिविर आज से

**रोहतक।** गर्मियों की छुट्टियों को स्वस्थ और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में 2 जून से योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रोजाना सुबह 7 बजे स्कूल में आयोजित किया जाएगा। कैंपस स्कूल इंचार्ज वरिष्ठ शिक्षक विवेक कौशल ने बताया कि इस योग शिविर में छात्रों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का संचालन अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा, जो बच्चों को आयु के अनुसार सरल और प्रभावी योगाभ्यास सिखाएंगे। कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी ने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक संतुलन और एकाग्रता बढ़ाने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

### लोगों को मिला गंगा में डुबकी लगाने का मौका

**सांपला।** कस्बे के लोगों को रविवार हरिद्वार गंगा में डुबकी लगाने का मौका मिला। यह पहल 13 वार्ड के पार्षद समाजसेवी अंकित ओहलयाण नें की। उन्होंने लोगों को गंगा में स्नान कराने का अवसर दिया है। रविवार को अंकित ओहलयाण द्वारा श्रद्धालुओं से भरी बस को हरिद्वार के लिए रवाना किया। अंकित की यह पहल न केवल लोगों को धार्मिक अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि समाज सेवा के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि लोगों में भी आध्यात्मिक और धार्मिक भावना पैदा हो।श्रवण बंसल बने भारत विकास परिषद के प्रधानसांपला भारत विकास परिषद द्वारा श्रवण बंसल को प्रधान चुना गया। रविवार को परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया।

### हर-हर महादेव सेवा समिति का वार्षिकोत्सव 8 को

**रोहतक।** हर हर महादेव सेवा समिति का वार्षिकोत्सव 8 जून को वैश्य कॉलेज झज्जर रोड पर मनाया जाएगा। विनोद शर्मा ने बताया कि 25 जून को खाद्य सामग्री का ट्रक अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान इस बार 38 दिनों के लिए समिति चंदनवाड़ी से पिस्सुटाप के बीच लंगर का आयोजन भी किया जाएगा।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के



अवसर पर घोषित किए जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों-पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा इन पुरस्कारों के लिए आम जनता से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है।धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ttps://awards.gov.in के माध्यम से ही किया जा सकता है।

## पुलिस ने साइबर अपराध को लेकर जारी की एडवाइजरी

# अनजान के साथ पासवर्ड, फोटो, वीडियो और चैट को शेयर नहीं करना चहिए: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला पुलिस ने साइबर अपराध को लेकर एडवाईजरी जारी की है। आजकल साइबर अपराधी फ्रॉड



करने का नया तरीका अपना रहे हैं। देखने मे आया है कि साइबर अपराधी अपनी प्रर्सनल फोटो या वीडियो भेजकर पीड़ित को उकसाकर व्हाटसअप, फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया केजरिये लाईव वीडियो कॉल करके पीडित की अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लेते हैं। जिसके बाद में पीड़ित को उसकी वीडियो, फोटो, चैट व बातचीत को उसके कॉन्टेक्ट लिस्ट या दोस्तों में वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे की मांग करते हैं। फ्रॉड करने वाले व्यक्ति के झांसे मे आकर आम व्यक्ति उनके द्वारा दिएगए फ्रॉड खाता मे पैसे डलवा देते हैं। इससे बचने के लिए एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने एडवाइजरी जारी की है।

### ऐसे बचें

- हमे अनजान व्यक्तियों द्वारा की गई वीडियो कॉल, अनजानव्यक्ति की फ्रेंड रिकवेस्ट या अनजान व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले संदेश का जबाब नही देना चहिए व ऐसे नम्बरों को फोन की ब्लाकलिस्ट मे डाल देना चहिए व हमे भी अनजान व्यक्तियो के पास फ्रेंडरिकवेस्ट आदि नही भेजनी चहिए।
- हमे अपना मोबाइल नम्बर या अपनी निजी जानकरी सोशल माडिया पर आमजन के लिए शेयर नहीं करना चहिए।
- हमें साइबर अपराध का शिकार होने पर प्रत्येक नम्बर का रिकॉर्ड, उसके द्वारा दी जाने वाली धमकी, पैसे की डिमांड कीरिकार्डिंग, बैंक खाता का रिकार्ड रखना चहिए ताकि उसे पुलिस को प्रदान करके उसके खिलाफ कानून कार्यवाही की जा सके।
- इस संबंध में या अन्य किसी भी तरह का साइबर अपराध घटित होने पर साइबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त साइबर थाना सैक्टर-14 रोहतक या नजदीक पुलिस थाना मे स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### बागवानी विभाग की 7 सेवाएं राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बागवानी विभाग की 7 सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है।डीसी ने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार बागवानी विभाग के अन्तर्गत हॉर्टनेट के अन्तर्गत पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करने उपरान्त आवेदन की स्वीकृति, भावान्तर भरपाई योजना के तहत दावेदार द्वारा दावा प्रस्तुत के बाद प्रोत्साहन के निपटान तथा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत सक्षम प्राधिकरण से अनुमोदन उपरान्त दावे के निपटान के लिए 21 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नर्सरी फ्रूट लाइसेंस तथा नर्सरी बीज लाइसेंस 90 दिन के अन्दर प्रदान किया जाएगा।

## माल गोदाम रोड पर गंदे पानी से जीना दुश्वार





रोहतक। माल गोदाम रोड पर गंदा पानी जमा होने की समस्या कई माह के बाद भी खत्म नहीं हुई है। अब दोबारा से सीवर का पानी रोड पर जमा हो गया है जिसकी वजह से हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## स्पर्धा | 33वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

# 460 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

- विजेता खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में 33 वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को पूरे जोशो खरोश के साथ आईएमटी. स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि, एमडीयू की खेल निदेशिका डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया उपस्थित रहे। प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने कहा कि खेल मानसिक व बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक सद्भावना बढ़ाने में भी सहायक है। मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला बेनीवाल एवं विशिष्ट अतिथि अजय सिंघानिया ने खिलाड़ियों के साथ ओपनिंग मैच खेलकर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। प्रारंभ में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। सभी अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। यशपाल पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के प्रारंभिक दौर के क्वालीफाइंग मुकाबले हुए, जिसमें लगभग 460 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव उमेद शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र मलिक, टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रितेश दलाल, हरिओम चंदेल, भारत भूषण अरोड़ा, गिरीश सैनी, डॉ. सुमित शर्मा, ऋषिराज सहित अभिभावक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।







**रोहतक।** प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेते प्रतिभागी एवं आयोजित प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में मुख्यअतिथि मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला बेनीवाल को स्मृति चिन्ह देते जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** मेडिकल सर्विस सेंटर, रोहतक द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया 31 मई 2025 विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मेडिकल सर्विस सेंटर (एमएससी), रोहतक द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी थीम डब्लूएचओ द्वारा निर्धारित थीः मोह का भंडाफोड़ तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीतियों को उजागर करना। यह कार्यक्रम डॉ. सचिन (महासचिव, एमएससी रोहतक), डॉ. कौशल (कोषाध्यक्ष, एमएससी रोहतक) के मार्गदर्शन में डॉ. संजना, रीना, नैंसी और सुभम के द्वारा संपन्न किया गया। आमजन को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना है।



### स्वास्थ्य विभाग ने नेत्रदानी परिवार को रस्म पगड़ी पर किया सम्मानित

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनोहर लाल खुराना शिवाजी कॉलोनी निवासी परिवार को मदनलाल ढिंगड़ा सामुदायिक केंद्र में आयोजित रस्म पगड़ी में पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा माध्यम से अपना शोक संदेश एवं प्रशंसा पत्र भेजा। डॉ रमेश आर्य ने मनोहर लाल खुराना के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया और परिवार का नेत्रदान करवाने के लिए धन्यवाद किया। दिनेश शर्मा ने नेत्रदान के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद 6 घंटे तक हमारी आंखें थोड़े से रखरखाव के बाद प्रयोग में लाई जा सकती हैं। हमें जल्द से जल्द 108 पर सूचना देनी होती है। नेत्रदान से चेहरे पर कोई कुरूपता नहीं आती। सभी धर्म ने इसे सर्वोत्तम मानकर स्वीकृति प्रदान की है। नेत्रदान एवं नेत्र प्रत्यारोपण कर वाने वालों में बहुत अंतर है। कुछ अवस्थाएं जैसे पहले ही सफेद हुई कॉर्निया, हेपेटाइटिस ए बी सी से पीड़ित , एचआईवी एड्स पीड़ित, शरीर में किसी भी प्रकार की सेप्टीसीमिया से पीड़ित, पागल कुत्ते के काटने पर, किसी भी प्रकार का जहरीला पदार्थ लेने पर, किसी भी जहरीले कीड़े के काटने पर, कोरोना के एक्टिव केस, नहर या कुएं में डूबने पर, खुद को फांसी आदि अवस्थाओं में ही नेत्रदान के लिए मना किया जाता है।



## दशोटन

पहले लड़के के जन्म पर दादा 'दशोटन' किया करता था जिसमें वह सारे गाँव तथा आस-पास के गाँवों के लोगों को भोज पर आमंत्रित करता था। 'दशोटन' एक प्रकार का बड़ा भोज होता है, जिसमें परिवार के मुखिया की शान-शौकत का पता चलता था। आजकल यह प्रथा लुप्त प्रायः है। सारा परिवार शिशु के लाड़-लड़ाने तथा पोषण में व्यस्त हो जाता है। परिवार में वंशवृद्धि की सब खुशियाँ मनाते हैं लेकिन 'दशोटन' अब कहीं-कहीं ही देखने को मिलता है।

# लुप्त हो रही सांस्कृतिक धरोहर जन्म संस्कार

परम्पराएं

**डा. रमाकान्ता**

प्राचीन उपनिषदों में हिन्दू धर्म के अनुसार प्रत्येक मानव के लिए जन्म से लेकर मृत्यु तक सोलह संस्कारों का निर्वहन करना अनिवार्य बताया गया है। इनमें गर्भ में (जन्म पूर्व) तीन संस्कार गर्भधारण, पुंसवन, सीमन्तोनयन, जन्म के बाद चार संस्कार, जातकर्म निष्क्रमण,अन्नपूर्णा चूड़ामणि संस्कार हैं।



वैवाहिक संस्कारों में पिशाच विवाह, राक्षस विवाह, गंधर्व विवाह, आयुर्वेद विवाह प्राजापत्य विवाह,आर्ष विवाह, दैव विवाह एवं ब्राह्मण विवाह, सात प्रकार के विवाह माने गए हैं। सोलहवां तथाअंतिम संस्कार मृत्यु संस्कार माना गया है। संस्कार किसी भी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत होते हैं जिसमें उस प्रदेश के समाज की परंपराएं,धार्मिक-सामाजिक मान्यताएं-आस्थाएं मूल रूप में प्रतिबिंबित होती हैं। इनका संरक्षण करने का दायित्व समाज की नई पीढ़ी का होता है। संस्कारों की एक श्रृंखला का लुप्त होना आने वाली पीढ़ी का समाज की धरोहर से वंचित होना है। वही संस्कृति दीर्घकालिक अस्तित्व में रहती है जिसकी परंपराएं जीवित हैं।

हरियाणा प्रदेश में जन्म संबंधी संस्कारों में गर्भधारण के पश्चात सर्वप्रथम सातवें मास में गर्भवती की गोद भराई की रस्म की जाती है। उस के सफल प्रसव तथा पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया जाता है। उसे पीहर ससुराल पक्ष के लोग उपहार देते हैं। इस अवसर पर मंगल गीत गाए जाते हैं। इस अवसर पर गाया जाने वाला लोक मंगल गीत इस प्रकार है :

*पाँच पतासे पन्ना का बिडला, ले गणपत पै जाईयो जी,*
*पाँच पतासे लौगा का जोड़ा, ले पितरां थै जाईयो जी*

शिशु जन्म के बाद सभी रीतियों को संपन्न करते समय मंगल गीत के साथ जज्चा गीत गाए जाते हैं।



इन गीतों में गर्भधारणा से लेकर ओजणे, कड़सूले, दाई गीत, होलर तथा व्यंग्य-हास्य गीत गाए जाते हैं :

*मनै भावैं कराले के बेर रपैये के सेर, मेरा री मन बेर नै*
*सुसरे आगै अरज करूँ थी, मैनें हरी-हरी दाख मँगा द्यो जी*

गर्भ धारण करने के पश्चात गर्भवती की खान-पान रुचि बदल जाती है कभी उसे उल्टी की शिकायत होती है तो कभी खाने की वस्तुओं में से दुर्गन्ध आती है। उसका मन नित नई चीजे (खट्टी-मीठी) खाने को करता है। इनमें बेर, मतीरा, आम, गोला, सिंघाड़ा, सांभर फली, दाख प्रमुख है।

**कड़सूले :** कड़सूले का अर्थ है 'प्रसव की झूठी पीड़ा'। प्रसव से पूर्व गर्भवती को प्रसव पीड़ा का आभास होता है, इसे 'नकली दर्द' भी कहा जाता है। इस अवस्था में गर्भवती तथा घर वालों के हाथ पैर फूल जाते है तथा झटपट दाई को शीघ्र बुलाकर लाने की व्यवस्था की जाती है -

*भाज-लूज कै नै सासू धोरै आई, दाई नै बुला दे री*
*सास मेरी कड़ म्हं दर्द सै*
*पड़दे के ओल्हे राजा, खड़या-खड़या डोलै*
*कहो तै जच्चा दाई नै ल्यावां रै बुलाय*

लोक भाषा में 'कड़सूल कड़ तथा सूल अर्थात, कड़ का अर्थ कमर एवं सूल का अर्थ दर्द। प्रसव में उठने वाली कमर की दर्द।

**स्वप्न :** प्रसव से पूर्व गर्भवती को कई प्रकार के सपने आते हैं। वह सपने में स्वयं को पीला (पीलिया) ओढ़े हुए देखती है। पीलिया दिखाई देना पुत्र जन्म का संकेत माना जाता है। एक गीत प्रस्तुत है:

लाल पिलंग पै पिलियो धर सोई जी

**प्रसव:** प्रसव पीड़ी कव तीव्रता को भाँपते हुए घर की बड़ी - बूढ़ी, दाई अन्य समझदार महिला को बुलाकर लाने का आदेश गर्भवती अपने पति को देती है। इस अवर पर गर्भवती की मानसिक तथा शारीरिक अवस्था का चित्रण जन्म संबंधी लोक गीतों में सुन्दर ढंग से मिलता है -

*नीची-नीच बगड़ बुहारूँ, दर्द उठ्या सै कमर महं*
*म्हारे पोहर तैं भंवर जो, माए बुला द्यो जी*

**शिशु जन्म :** शिशु जन्म की घड़ी आ जाती है। जन्म होते ही थाल बजाकर गाँव को सूचित कर दिया जाता है। प्राचीन लोक परिवेश में समाज में पुत्र-जन्म की कामना की जाती थी। इतिहास साक्षी है कि पुत्री को जन्म के समय ही मार दिया जाता था अथवा पुत्री को सम्मान प्राप्त न था। पुत्री जन्म पर परिवार में शोक मनाया जाता था। उस के जन्म पर रीतियाँ सम्पन्न नहीं होती थी। यही कारण है कि लड़का-लड़की के अनुपात में भारी अन्तर आ गया। पुत्री जन्म पर गाए जाने वाले मार्मिक गीत उस समय की समाज की संकीर्ण मानसिकता के परिचायक हैं -

*जिदिन लाडो तेरा जन्म होया था*
*एक रंगमहल की कूण, कन्या नै जन्म लिया*

आज परिस्थितियाँ बिल्कुल बदल गई हैं। आज बेटी के जन्म पर खुशियाँ मनाई जाती है, पीलिया भेजा जाता है, कुआं पूजन होता है। बिरादरी तथा मित्रों में सहभोज दिया जाता है। यह परिवर्तन यकायक नही आया। बेटियाँ परिवार में बेटों से बढ़कर स्वयं को योग्य प्रमाणित कर रही है। यह सब शिक्षा के प्रचार-प्रसार के कारण ही संभव हो पाया है। आज बेटियाँ समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता प्रभावित कर रही हैं। अतः एक बेटी के जन्म से ही माता-पिता संतुष्ट हो जाते हैं तथा अन्य सन्तान की इच्छा ही नहीं रखते।

**शिशु जन्म :** वैज्ञानिक तथा जैनिक प्रक्रिया पूर्ण होने पर शिशु का जन्म हो जाता है। शिशु जन्म के पश्चात गर्भवती को 'प्रसूता' तथा लोकभाषा में 'जच्चा' कहा जाता है। शिशु-जन्म के पश्चात जच्चा-बच्चा को गर्म जल से स्नान कराया जाता है।

**छुआणी :** प्रसव के पश्चात जज्चा को गुड़, अजवायन, जीरा सौंफ तथा बादाम की तरल 'छुआणी' (पेय पदार्थ) गर्म-गर्म पिलाई जाती है। छुआणी प्रसव पीड़ा को दूर करती है तथा गर्भ के मल को साफ कर शरीर में स्फूर्ति का संचार करती है।

**घुट्टी पिलाना :** जन्म के बाद शिशु को सर्वप्रथम शहद की 'घुट्टी' पिलाई जाती है। घुट्टी परिवार की वृद्ध स्त्री, माता अथवा बुआ द्वारा पिलाई जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में यह विश्वास किया जाता है कि शिशु घुट्टी पिलाने वाले व्यक्ति के अनुरूप गुणों वाला होता है इसलिए शिशु को घुट्टी पिलाने के लिए, ज्ञानवान, बुद्धिमान तथा गुणवान व्यक्ति का चयन किया जाता है। घुट्टी के रूप में शिशु की जीभ पर आस्थानुसार राम, ऊ अथवा राधे लिखा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से शहद शिशु के पेट के मल को साफ करता है।

**दुधी धुलाना :** शिशु को स्तन-पान कराने से पूर्व जच्चा के स्तनों को अच्छी तरह गंगाजल, दूध और दूध से साफ तथा कीटाणु रहित किया

> लोक मानस में ऐसा दृढ़ विश्वास व्याप्त है कि जन्म के छटे दिन भाग्य की देवी ''बेमाता'' शिशु के भाग्य का लेखा-जोखा लिखती है। इस दिन गोबर की बेमाता की प्रतिमा दिवार पर मांडी जाती है। मुँह पर कौड़ियों की आँखें बनाई जाती हैं तथा मूर्ति को लाल कपड़े से ढक दिया जाता है।

जाता है। इस प्रक्रिया से जच्चा के स्तनों के बाद छिद्र खुल जाते है तथा स्तनों के ऊपर तथा आस-पास जमा हुआ कालापन भी साफ हो जाता है। माँ का दूध (स्तनपान) शिशु के लिए उत्तम आहार माना जाता है। माँ के दूध में सभी प्रकार के पौष्टिक तत्व होते है। दूधी धुलाने की रीत घर की बेटी अथवा बुआ द्वारा सम्पन्न कराई जाती है उसे इस के लिए शगुन दिया जाता है।

**नहाण बार केरे की रीत :** शिशु जन्म के दूसरे अथवा तीसरे दिन 'नहाण बार' अथवा केरा घालने की रीत सम्पन्न की जाती है। जच्चा के कमरे के बाहर ओर एक ओर सातिए तथा दूसरी ओर छाबड़ी मंगल चिन्ह के रूप में गोबर द्वारा बनाए जाते हैं। ये दोनों शिशु जन्म के शुभ संकेत माने जाते हैं। इन के आगे वस्त्र (तीयल) तथा गेहूँ के दाने भी रखे जाते हैं। पड़ौस की महिलाएं 'केरे' के रूप में गेहँ के दाने अपने घरों से लाती है तथा पास रखी परात अथवा तसले में डाल देती हैं। यह भी एक प्रकार का शगुन माना जाता है। इन गेहूँ के दानों को घर की बेटी अथवा नाईन ले जाती है। इस अवसर पर मंगल गीत, पितर गीत तौर जच्चा गीत गाए जाते हैं। इस अवसर पर जच्चा के हँसी-ठिठोली करने के लिए, सीठने जैसे व्यंग्य गीत तथा हास्य गीत गाए जाते हैं।

**छटी गीत इस प्रकार है :**

*रात छटी का आई खुशी हुई गात म्हं*
*पहली बधाई उसके दादा नै होवै*
*जिस की बेल बधाई, खुशी हुई गात क्हँ*

शिशु जन्म के छटे दिन छटी मनाई जाती है। लोक मानस में ऐसा दृढ़ विश्वास व्याप्त है कि जन्म के छटे दिन भाग्य की देवी ''बेमाता'' शिशु के भाग्य का लेखा-जोखा लिखती है। इस दिन गोबर की बेमाता की प्रतिमा दिवार पर मांडी जाती है। मुँह पर कौड़ियों की आँखें बनाई जाती हैं तथा मूर्ति को लाल कपड़े से ढक दिया जाता है। इस दिन 'बेमाता' के स्वागत में कई प्रकार के पकवान बनाए जाते है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि छठी के दिन सब कुछ खा लेने के बाद जच्चा सब कुछ खाना आरम्भ कर देती है जो शिशु को कोई नुकसान नहीं पहुँचाता है।

**सूतक लगना एवं शुद्धिकरण :** जिस परिवार में शिशु जन्म लेता है उस परिवार में सूतक लग जाता है। सूतक से अभिप्रायः है 'अशुचिता' अर्थात 'अशुद्धता'। उस घर के मन्दिर में कुछ समय के लिए ज्योत-बत्ती भी नही लगाई जाती। घर के सदस्य किसी पूजा-पाठ में भी भाग नहीं ले सकते। पानी के साधन घड़ादि भी हटा दिए जाते है। 11-12वें दिन घर में यज्ञ करवाने के बाद घर का शुद्धिकरण किया जाता है। सूतक एक दादा की सभी पुत्र संतानों के घर लग जाता है।

**पीहर में भेली भेजना :** शिशु जन्म के पश्चात शिशु जन्म की सूचना के रूप में जच्चा के पीहर में गुड़ की भेली भेजी जाती है। पहले समय में यह पुत्र-जन्म पर ही भेजी जाती थी। भेली ससुर अथवा जेठ लेकर जाता था। वहाँ उसे शगुन रूप में धनराशि दी जाती थी। भेली भेजना शिशु जन्म का सूचक है। कुँआ पूजन के पश्चात बहन-बेटियों को उचित नेग देकर विदा किया जाता है। जन्म की इन परम्पराओं में से अधिकतर नेग-टेहले लुप्त हो गए हैं। आज की पीढ़ी की महिलाएं इन के नाम तक नहीं जानती। इस का मूल कारण यह है कि आजकल प्रसव पुरानी परम्परा के अनुसार निपुण 'दाईयों' से न करवाकर हस्पतालों में करवाया जाता है। प्रसव बाद के नेग-टेहले वहाँ सम्पन्न नहीं किए जाते। आज आवश्यकता है कि आने वाली पीढ़ी को इन परम्पराओं से अवगत अवश्य कराया जाना चाहिए।

कविता **महेन्द्र सिंह बिलोटिया**



## जीवन वैतरणी

गुरु की आज्ञा मोक्ष दिखावै ध्यान हरि का धर जागा
ज्ञान, ध्यान से बन्दे तू भी परलै पार उतर जाएगा


माता-पिता गुरु की सेवा करनी चाहिए चित लाकै
सेवा करकै पार हुवै या तू देख लिए मेवा खाकै
पुत्र चाहवै तो सन्त की सेवा मोह माया बिसराकै
धन चाहवै तो धर्म करा कर तीर्थों पै जा जाकै
भुखे न भोजन करवाकै,ताज शीश पर धर जागा
ज्ञान ध्यान से बन्दे तू भी परलै पार उतर जागा।

विद्वानों की सेवा कर जब मां सरस्वती का वासा हो
गऊ के घी में हवन करा कर कद्दे नहीं निराशा हो
पर त्रिया तै बचकै रहिये जब वंश बेल की आशा हो
अतिथि की सेवा करिये जब सफल तेरा घरवासा हो
आदम देह नै रासा हो ,जब घड़ा पाप का भर जागा
ज्ञान ध्यान से बन्दे तू भी परलै पार उतर जागा।

चुगली चाटी करणिया मानस गुगा और बहरा हो
नाविक बिन नैया डूबै यो ज्ञान का दरिया गहरा हो
वो नर मुक्ति पावैगा जो श्री गुरु चरण मैं रहरा हो
नुगरे का कुण करै भरोसा जो सब तरिया तै बहरा हो
जो सत्संग न लहरा हो,वो अपने आप समर जागा
ज्ञान ध्यान से बन्दे तू भी परलै पार उतर जागा।

जो वेद शास्त्र रटले मानस वो वेदाचारी रहा करै
बिना भुख चाहें मेवा खाले वाह भी खारी रहा करै
दादा मांगेराम की सेवा कर वो आज्ञाकारी रहा करै
गुरु अमरसिंह बिलोटे आला वो अटल अटारी रहा करै
जडै गरुड़ सवारी रहा करै,तू महेंद्र सिंह डिगर जागा
ज्ञान ध्यान से बन्दे तू भी परलै पार उतर जागा।

कविता **संदीप शर्मा**



## साँझ निगोड़ी

ढळ-ढळ जावै नित ,साँझ निगोड़ी !
सांस चलैं सैं पर , जिंदगी तो थोड़ी !

आधी तो सोकै खोई ,रोकै भी खोई गई
लोभ और त्रिया मैं ,माया मैं मोही गई
बणना भी चाहुँ था मैं, सेठ किरोड़ी !

विषयों का पान कर् या, तन भी बिरान कर् या
राम नै दी जिंदगी का, मनैं अपमान कर् या
चढ़-चढ़ चाल्या मैं तो, ख्यालां की घोड़ी !

पढ़ अनजाण होया, खुद का ना ज्ञान होया
जन्म मनुष का हीरा, पशुआं समान होया
टूटी नहीं रै मेरी ,घमंड की ज्योड़ी !

मोती भी सीप होज्या ,जलता जै दीप होज्या
करले भलाई जै तूं , पार संदीप होज्या
ना तै सूखी जा सै तेरी, सासां की जोहड़ी !

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

**दरकते रिश्ते** पहले एक-दूसरे के यहां आने-जाने से रिश्ते मजबूत होते थे और उनमें भावनात्मक लगाव पैदा होता था, अब पहले वाली बात नहीं रही

# अब रिश्तेदारियों में नहीं , पर्यटन स्थलों पर बीत रहीं छुट्टियां

परिवेश

**राज कुमार नरवाल**

विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने वाली है। सब होटल फुल हो जाएंगे और सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहेगी। देशभर से लोग अपने परिवार के साथ वहां पहुंचेंगे तो अव्यवस्था होना लाजमी है। प्रशासन को भीड़ को कंट्रोल करने और उनके लिए व्यवस्था बनाने में भारी मशक्कत करनी पड़ेगी। पर्यटन स्थलों पर साफ सफाई करना भी स्थानीय प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी।



पहले गर्मी की छुट्टियों में लोग अपने बच्चों को पर्यटन स्थलों पर न ले जाकर नाना-नानी, बुआ या मौसी के पास ले जाते थे। ऐसा करने से रिश्ते मजबूत होते थे। रिश्तेदारों के बीच भावनात्मक लगाव पैदा होता था। अब लोग अपने बच्चों को रिश्तेदारियों में नहीं ले जाते। बचपन घरों में कैद हो गया है। एक दूसरे की देखा देखी या अपनी शान ओ शौकत दिखाने के लिए लोग पर्यटन स्थलों पर जाना पसंद करते हैं। शहरी बच्चे छुट्टियों में गांव चले जाते थे। इस दौरान उन्हें ग्राम्य जीवन के बारे में जानने का मौका मिलता था। खेतों में उगाई जाने वाली सब्जियों, हरा चारा और अन्य फसलों की जानकारी हो जाती थी। खेतों में पेड़ पौधों और नदियों, नहरों, रजवाहों और खेतों की सिंचाई प्रक्रिया जानने का मौका मिलता था। खेती बाड़ी, पशुपालन के अलावा वहां के खान-पान और रहन-सहन की पूरी जानकारी मिल जाती थी।

दूध दुहना और दूध बिलौना सीखते थे। वहां के रीति-रिवाज और संस्कृति को जानने का मौका मिलता था। गांव के जोहड़ में बच्चे तैरना सीख जाते थे। रात को सोते समय नाना-नानी, मौसा-मौसी अथवा बुआ-फूफा बच्चों को शिक्षाप्रद कहानियां सुनाते थे, ये शिक्षाएं बच्चों के जीवन में काम आती थी। पिछले कुछ दशकों में रिश्तेदारों के बीच आपसी मेल-जोल में कमी और संबंधों में खटास आई है। इसका खामियाजा बच्चे भुगत रहे हैं। लोगों ने रिश्तेदारियों में जाना कम कर दिया है।

लोग अपने बच्चों को तो रिश्तेदारी में भेजना बिल्कुल भी पसंद नहीं करते। जिस वजह से अगली पीढ़ी के बीच भावनात्मक लगाव नहीं बन पाता और रिश्ते केवल दिखावे के रह गए हैं। ऐसे में ब्याह-शादी के आयोजनों में रिश्तेदारों का शामिल होना भी केवल खानापूर्ति ही रह गया है। पहले रिश्तेदार के सुख-दुख में लोग दिल से शामिल होते थे। कोई बीमार हो जाता अथवा किसी की मौत हो जाती तो रिश्तेदारों को काफी दुख पहुंचता था। अब शोक और बीमारी में रिश्तेदारी में जाना केवल मजबूरी भर रह गया है। इसकी वजह यही है कि बच्चों को हम रिश्तेदारियों में आने-जाने का मौका ही नहीं देते। जिस वजह से अगली पीढ़ियों के बीच मेलजोल नहीं बन पाता, वरना रिश्तेदारियां पीढ़ी दर पीढ़ी चलती थी।

### गर्मी की छुट्टियों में हुनर सीखते थे बच्चे

गर्मी की छुट्टियों में लड़कियां घर के काम-काज करना सीखती थी ताकि ससुराल में उन्हें खाना बनाने और घर के दूसरे काम करने में दिक्कत न आए। माताएं लड़कियों को तरह-तरह के अचार बनाना और कपड़े सीलना सिखाती थी। इसी तरह पिता अपने बेटों को छुट्टियों में खेतों में ले जाते थे। उनसे खेत के काम करवाते थे। पशुओं को पानी पिलाने, उनको नहलाने और चराने का काम सिखाया जाता था। जिन लोगों के पास पशुपालन व खेती बाड़ी का काम नहीं होता था, उनके बच्चे रिश्तेदारियों में जाते थे, तो वहां पर वे ये काम सीख लेते थे।

### अपरिचित जगहों पर होने लगी हैं शादियां

पहले रिश्तेदारों के जरिए ही युवक-युवतियों के ब्याह सगाई होते थे। बच्चे रिश्तेदारियों में आते जाते थे, तो उनके बारे में रिश्तेदारों को पूरी जानकारी होती थी। उनकी पढ़ाई लिखाई, उनके स्वभाव और उनके हुनर की पूरी जानकारी होती थी। लेकिन अब रिश्तेदारों तक को यह नहीं पता होता कि उक्त रिश्तेदार का बेटा या बेटी में क्या हुनर है और उनका स्वभाव कैसा है। पहले बताया जाता था कि हमारे फलां रिश्तेदार की बेटी या बेटा ऐसे हैं और तुम्हारे लिए यह रिश्ता बिल्कुल अनुकूल है। अब बिना परिचय वाली जगह से रिश्ते बनते हैं और जल्दी ही वे टूट भी जाते हैं।

### इन बातों का रखें ख्याल

**संबंध :** रिश्तों में आपसी संबंध मधुर और मजबूत होने चाहिए। इसके लिए एक-दूसरे का सम्मान, विश्वास और सहयोग आवश्यक है। साथ ही, समय-समय पर मिल-जुल कर बातचीत करते रहना भी जरूरी है।

**सम्मान और विश्वास:** एक-दूसरे के विचारों, भावनाओं और रुचियों का सम्मान करना चाहिए। विश्वास रिश्ते की नींव है, इसलिए एक-दूसरे पर भरोसा करना चाहिए।

**सहयोग:** मुसीबत के समय एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। यह सहयोग रिश्ते को मजबूत बनाता है।

**क्षमाशील होना:** एक-दूसरे की गलतियों को माफ करना चाहिए। इससे रिश्ते में प्यार और विश्वास बना रहता है।

**संचार :** नियमित रूप से एक-दूसरे से बात करते रहना चाहिए। यह रिश्तों को मजबूत बनाता है।

# फिल्मों की कहानियां देती हैं सकारात्मक संदेश : संजय सैनी

कलाकार **ओ.पी. पाल**

हरियाणवी कलाकारों ने प्रादेशिक संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं की पहचान देश-विदेश तक पहुंचाई है, जिसमें हरियाणवी फिल्मों, लोक संस्कृति से जुड़ी रागनी, सांग तथा लोक संगीत के क्षेत्र की अलग विधाओं में कलाकारों का हुनर अपनी अलग ही पहचान रखता है। ऐसे ही कलाकार हैं संजय संजू सैनी, जिन्होंने एक छोटे से गांव से बॉलीवुड तक अपने अभिनय का सफर तय किया है। उन्होंने कई फिल्मों और वेबसीरीज की कहानियां लिखीं और उन पर बनी फिल्मों का निर्देशन के साथ-साथ अभिनय भी किया है। उन्होंने अपने लेखन, फिल्म अभिनय और निर्देशन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे पहलुओं का जिक्र किया, जिसमें कला की हर विधा समाजिक सरोकार के मुद्दों में सकारात्मक संदेशों का समावेश करने में सक्षम है।

हरियाणा संस्कृति संवर्धन में जुटे लेखक एवं निर्देशक संजय संजू सैनी का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को जींद जिले के गांव बरौली में एक किसान परिवार में कंवर सिंह और इंदू देवी के घर में हुआ। इनके पिता हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग में अध्यापक पद पर कार्यरत रहे, जबकि माता गृहिणी हैं। इनके पिता नौकरी करने के अलावा खेती-बाड़ी में भी हाथ बंटाते थे। परिवार में इनके चाचा पंजाबी भाषा के अध्यापक हैं, जो सुरजीत बिंदरखिया की कैसेट लाते थे। शायद उसी के कारण उन्हें बचपन में कला व संगीत में अभिरुचि होने लगी।





उनके गांव की ही एक टोली रागनी गाने और घढ़वे-बैंजो बजाती थी, तो वह भी चोरी छिपे उनके साथ रहता था। बकौल संजय सैनी, पहली बार उन्हें लिखने का एहसास उस समय हुआ था, जब उनके दोस्त के उपर प्रस्ताव लिखना था। संजू ने मॉय बेस्ट फ्रेंड को अलग-अलग तरीक़े से चार बार लिख दिया था। इसमें एक बार हास्य, फिर दुख, इसके बाद गंभीर और अंत में गुस्सैल तरीके से लिखा, तो उनके अध्यापक ने उनकी पीठ थपथपाई थी। दरअसल यह लिखने का कारण था कि सबके दोस्त एक जैसे कैसे हो सकते है? उन्होंने बताया कि एक बार वह अपने दोस्त के साथ गलती से 'चंडीगढ में पंजाब कला भवन सेक्टर 16 गया, जहां उन्होंने मंचन देखा और फिर वहीं का होकर रह गया। नकी पहली कृति एक कविता थी, जो कि एक न्यूज़ चैनल की वेबसाइट पर प्रकाशित हुई थी। दरअसल वह कॉलेज के दिनों में ही फिल्म की कहानी लिखने लगे थे। उन्होंने एमएससी की पढ़ाई के दौरान रॉकी मेंटल की कहानी लिखी और सौभाग्यवश इसे चयनित कर लिया गया। इसके बाद मन में आया कि उन्हें लेखन कार्य को अपना करियर बनाना चाहिए। हाल ही में उनके कुछ प्रोजेक्ट बड़े प्रोडक्शन हाउस से आने वाले हैं। सैनी ने बताया कि उनके फ़िल्मों का सफ़र कुछ ऐसा रहा कि फ़िल्म की कहानी लिखने और अपनी लिखी फ़िल्म थिएटर में देखने का मौका मिल गया था, लेकिन तब भी इधर काम करने का इरादा कम ही था। लेकिन उनकी लिखी हुई पहली दोनों कहानियों पर फ़िल्म बनी, तो उनका खुद पर आत्मविश्वास बढ़ने लगा और उन्हें लगा कि जो वह करने आया था वह उसी राह पर है। फिल्म निर्देशक संजय संजू सैनी का कहना है कि उन्हें इस बात का मलाल रहेगा कि वह डाक्टर नहीं बन पाया। मन में यह ऐसी पीड़ा बस गई कि नौकरी करना उनकी किस्मत में नहीं था, क्योंकि उनका लेखन की तरफ ज्यादा रूझान बढ़ता गया। वह असमंजस में रहे कि फिल्म लाइन का कोई भरोसा नहीं, फ़िल्म बन भी गई तो चलेगी या नहीं, इसका डर अलग रहा। इन सभी सवालों का जवाब उन्हें उनके स्वर्गीय दादा हवा सिंह ने देते हुए दिया कि बेटा खेती कौनसा सिक्योर है? लेकिन हमने भी तो जीवन निकाल लिया और उतार चढ़ाव आना जिंदगी का हिस्सा है। इसलिए जो कर रहे हो उस पर ध्यान रखते हुए शिद्दत से काम करो। उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### यहां से मिली मंजिल

लेखक एवं निर्देशक संजय सैनी ने बताया कि उन्होंने कबड्डी खेली है और राज्य स्तर के टूर्नामेंट तक खेला। उन्होंने कालेज की पढ़ाई के दौरान ही खेलों पर फिल्म 'रॉकी मेंटल' की कहानी लिखी और उसे फिल्म के लिए चुना गया। उन्होंने वेबसीरीज फिल्म अखाड़ा (एक और दो), स्कैम, पिंकी भाभी के किरदार की पटकथा लिखी और अभिनय भी किया। अखाड़ा के लिए उन्हें हिफ्फा से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड भी मिल चुका है। पहलवानों और उनके संघर्ष पर ही आधारित फिल्म 'अखाड़ा' वेबसीरीज को लेकर लेखक संजय सैनी काफी चर्चा में है। इसके निर्माण के लिए उन्होंने काफी समय तक हरियाणा के गांवों और छोटे कस्बों में शोध कार्य करके यह वेब सिरीज लिखी है। वर्तमान में वह बॉलीवुड में दो हिंदी फ़िल्म, एक वेब सीरीज़ में बतौर लेखक और निर्देशक की भूमिका में कार्यरत हैं।

## खबर संक्षेप

### हुडा कर्मचारियों की बैठक 4 जून को

**सोनीपत।** हूडा कर्मचारियों तथा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सेवारत सभी कर्मचारी साथियों, और मंच से संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी को 4 जून को यूनियन कार्यालय सेक्टर 15 में बुलाया गया है। 11:30 बजे एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जाना है। जिसमें कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी के जाब सुरक्षा गारंटी की ज्वाइनिंग करवाने बारे तथा आगामी 1 साल की अप्रूवल लेने बारे तथा समय पर हर महीने की 7 तारीख से पहले वेतन दिलाने के बारे में प्रस्ताव पास करके मुख्य प्रशासक तथा मुख्यमंत्री के नाम संपदा अधिकारी सोनीपत के माध्यम से नोटिस भेजा जाएगा।

### पैसे कमाने का लालच दे 94 हजार 400 ठगे

**गन्नौर।** आनलाइन काम कर पैसे कमाने का लालच दे कर ठगों ने एक व्यक्ति से 94 हजार 400 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत बड़ी थाना में दी है। बड़ी के रहने वाले अक्षय ने बताया कि वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत है। वह 24 अप्रैल को फैक्ट्री में काम कर रहा था। इस दौरान उसके टेलीग्राम एप्लिकेशन पर मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि आनलाइन काम करके पैसे कमाओ। व्यक्ति ने उन्हें टेलीग्राम पर मैसेज भेजे और उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। उससे काम करवा कर उसके खाते में ठग ने 200 रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसने ठग के कहने पर एक बार एक हजार रुपये, दूसरी बार 7 हजार, तीसरी बार 13 हजार 900 व चौथी बार मे 72 हजार 500 रुपये ट्रांसफर किये।

### किसान व उसके परिवार के साथ मारपीट

**गन्नौर।** गुमड़ गांव के खेत से मिट्टी उठवा रहे एक किसान व उसके भाई और पिता के साथ खेत के पड़ोसी ने अपने भाई व दोस्तों के साथ मिल कर मारपीट कर दी। मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। अनुसार गुमड गांव निवासी नवीन अपने खेत से मिट्टी उठवा रहा है। वह 4 मई को खेत में गया। इस दौरान उनके गांव का मनोज भी अपने खेत में मौजूद था। उन दोनों के खेत का एक ही रास्ता लगता है। जब गाड़ी मिट्टी उठाने जा रही थी तो मनोज ने गाड़ी रुकवा कर खेत के रास्ते से गाड़ी की आवाजाही न करने की धमकी दी। इस पर जब उसने मनोज का विरोध किया तो मनोज ने उसे अपशब्द कहे और उसके साथ मारपीट की।

### पहले गाली दी, फिर घर के बाहर फायर किए

**गोहाना।** गांव बड़ौता में रविवार रात को एक ग्रामीण अपने भतीजे के साथ बस अड्डे की तरफ घूमने गया था। वहां पर स्कार्पियो और बाइक पर आए कई युवकों ने उनको गाली दी। स्थिति को भांपकर दोनों भागकर अपने घर आ गए। इसके बाद युवक उनके घर के बाहर पहुंचे और दरवाजे को लात मारकर तीन राउंड फायर किए। बड़ौता के राजीव कुमार उर्फ पप्पू का बेटा सागर अपने भतीजे राजन के साथ रविवार रात लगभग पौने 10 बजे गांव में बस अड्डे की तरफ घूमने गया था। राजन ने पुलिस को बताया कि वहां पर मंजीत, सौरभ और तीन-चार अन्य युवक स्कार्पियो व एक बाइक पर आए और वारदात को अंजाम दिया।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में साइकिल रैली का आयोजन

- साइकिल को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर खुद को और समाज को स्वस्थ बनाएं : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक






रोहतक। विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली में कुलपति डॉ एच. एल. वर्मा, रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार व अन्य शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली के प्रति जन चेतना उत्पन्न करना रहा। रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। कुलपति प्रो. वर्मा ने कहा कि साइकिल चलाना केवल व्यायाम नहीं, बल्कि ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे साइकिल को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर खुद को और समाज को स्वस्थ बनाएं। रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइकिल को एक नियमित फिटनेस अभ्यास और पर्यावरण-अनुकूल गतिविधि के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रयास है। ऐसे सामूहिक आयोजन सामुदायिक जीवन और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। डॉ. सुधीर मलिक ने कहा कि छोटी-छोटी आदतें, जैसे साइकिल चलाना, हमारे जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। यह न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। रैली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से आरंभ होकर परिसर के विभिन्न हिस्सों से होती हुई केंद्रीय उद्यान पर समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पोस्टर और नारों के माध्यम से 'हरित भविष्य' और 'स्वस्थ जीवन' का संदेश दिया। साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ और स्वस्थ जीवन की सवारी-साइकिल हमारी जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय डीन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट डॉ. अनिल कनवा, एनसीसी इंचार्ज डॉ. अनिल डूडी, एनएसएस इंचार्ज डॉ. मंजीत, विज्ञान संकाय से डॉ. कुसुम लता, डॉ. सोनिया सरोहा, डॉ. अमित अत्री, डॉ. जगदीश भारद्वाज, डॉ. हरिओम, डॉ. प्रमिला, डॉ. विजेंद्र, डॉ. अजय दहिया, डॉ. सोनिया आदि रहे।

### आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन

# परमपिता परमात्मा की आज्ञाओं का हमें कठोरता से पालन करना चाहिएः बलदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक





रोहतक। प्रवचन देते मुख्यवक्ता डॉ. बलदेव (पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) व आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ में वैदिक सत्संग में प्रवचन सुनते आर्य समाजी।

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ में मासिक वैदिक सत्संग का शुभारंभ सुबह 9 बजे यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सन्तराम रहे। उन्होंने बताया कि परमपिता परमात्मा की आज्ञाओं का हमें कठोरता से पालन करना चाहिए एवं ऋषि-मुनि, महापुरुषों के बताए हुए मार्ग का अनुपालन करना चाहिए। इसके बाद सतवीर आर्य मुण्डलाना, बहन आशा आर्या, सत्यनारायण आर्य, तरुण आर्य आदि द्वारा भजनों के माध्यम से देश-भक्ति, भारत देश की वर्तमान दुर्दशा तथा ऋषिवर देवदयानन्द द्वारा समाज के लिए किए गए उपकार आदि के बारे में सुन्दर सन्देश दिया। कृष्णा आर्या गांव बालन्द, योगेन्द्र सिंह आर्य एवं रवीन्द्र शास्त्री ने अपने विचार रखते हुए परमपिता परमात्मा के उपकार तथा वेदों के महत्ता के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। मंच संचालन सुभाष सांगवान प्रधान वेदप्रचार मण्डल ने किया। उन्होंने बताया कि हम सबको वेद का पठन-पाठन तथा महापुरुषों को अवश्य याद करना चाहिए, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि वेद ही अनमोल खजाना है जिसमें सभी प्रकार का ज्ञान-विज्ञान है। उन्होंने प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा, दिनचर्या, उद्देश्य तथा उनके लाभ के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने साथ अपने बच्चों को आर्यसमाज के सत्संगों में अवश्य लाना चाहिए जिससे वे संस्कारित बन सकें। उन्होंने सभी आर्यजनों को स्वाध्याय एवं सत्संग से जोड़ने का भी प्रयास किया और कहा कि हम आर्यों को पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए तथा अच्छे लोगों के संसर्ग में आकर अपने जीवन को बदलना चाहिए। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए, जिससे हमारा उत्तरोत्तर उन्नति हो, तभी हम दूसरों को भी आर्य बना सकेंगे, जबकि पहले की अपेक्षा आज गति ज्यादा होनी चाहिए, परन्तु कम है। इस ओर भी हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। शान्तिपाठ के बाद ऋषिलंगर का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर आचार्य सन्तराम, हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण रिटायर्ड तहसीलदार, बलराज खुराना सहित अन्य मौजूद रहे।

**परमपिता परमात्मा का ध्यान करना जरूरी**

मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. बलदेव (पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) ने बहुत ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्देश्य पर विचार रखे। उन्होंने सर्वप्रथम वेदमन्त्र का उच्चारण किया तथा बताया कि हम सबका सौभाग्य है कि हम आर्यावर्त देश में जन्मे हैं और जन्म के बाद महर्षि दयानन्द सरस्वती का आशीर्वाद भी हम लोगों को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आप बहुत सौभाग्यशाली हैं जो कि वैदिक सत्संग में बैठे हैं, जिसमें सत्यासत्य का निर्णय करके परमपिता परमात्मा का ध्यान करना बताया जाता है।

### अधिवक्ता को डी बार करने का मामला

# बार काउंसिल ने जिला बार एसो. के आदेश पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन द्वारा गत 16 मई को आठ अधिवक्ताओं पर बैठक कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें डीबार करने व दो-दो लाख रुपये जुर्माना लगाया था। जिसके बाद डी बार किए अधिवक्ता ने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा में याचिका दायर की। जिसकी सुनवाई के बाद जिला बार एसोसिएशन की गठित कमेटी के आदेशों पर अंतरिम रोक लगा दी है। उक्त आदेश अधिवक्ता राजेश दहिया द्वारा दाखिल याचिका पर विशेष समिति द्वारा 29 मई को पारित किया गया।


बता दें कि गत सात जून को जिला बार एसोसिएशन की तरफ से जारी प्रेस नोट में बार एसोसिएशन के सदस्य राजेश कुमार दहिया, प्रदीप कुमार दहिया, रमन छिल्लर, अजय सिंह गहलावत, जयभगवान शर्मा, राजकुमार पांचाल, अनूप दहिया व विजय इंदौरा को डी-बार करने व सभी पर दो-दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढूल ने बताया कि उक्त अधिवक्ताओं ने बार चुनाव व चुनाव में चुनकर आए पदाधिकारियों के खिलाफ सात मार्च को बैठक की थी। जिससे बार एसोसिएशन की छवि को धूमिल किया था। वहीं एक अधिवक्ता ने बार पदाधिकारियों के साथ अभद्रता की थी। जिसमें कमेटी की तरफ से उक्त अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें डी-बार किया गया था। साथ ही सभी पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। मामले में बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा की तरफ से सोनीपत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल ढुल को 7 जून को दोपहर 12 बजे व्यक्तिगत रूप से चंडीगढ़ स्थित काउंसिल कार्यालय में उपस्थित होकर संपूर्ण रिकॉर्ड और उस आदेश को पारित करने की प्रक्रिया सहित अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि निर्धारित तिथि पर उपस्थिति नहीं दी जाती है, तो नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घूमने निकला अनूप नगर का व्यक्ति लापता

**गन्नौर।** बादशाही रोड अनूप नगर में अपने घर से सुबह घूमने के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पत्नी ने मामले की सूचना थाना गन्नौर में दर्ज करवाई। बादशाही रोड अनूप नगर की रहने वाली रेखा ने बताया कि उसका पति गंगाराम 27 मई की सुबह घर से घूमने के लिए गया था, लेकिन वापिस नहीं लौटा। उसने अपने स्तर पर अपने पति का पता लगाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रेखा का आरोप है कि उसके पति को किसी व्यक्ति ने बंधक बना लिया है।

# शौर्य चक्र विजेता आशीष दहिया का पैतृक गांव ककरोई में किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा



खरखौदा। शौर्य चक्र विजेता का अभिनंदन करते गणमान्य व्यक्ति।

वीरता का सम्मान करते हुए रविवार को गांव ककरोई निवासी शौर्य चक्र विजेता आशीष दहिया का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने फूल मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। खुली जीप में बैठाकर गांव पहुंचे आशीष दहिया को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आशीष दहिया को हाल ही में देश के दूसरे सबसे बड़े शौर्य पुरस्कार शौर्य चक्र से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें एक आपरेशन के दौरान अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन करने के लिए दिया गया है। जैसे ही वे गांव पहुंचे, लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आशीष ने न केवल अपने गांव का, बल्कि पूरे हरियाणा और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करने वाला उदाहरण पेश किया है। इस मौके पर आशीष दहिया ने भी ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे गांव और क्षेत्र की देन है। इस अवसर पर पूर्व सांसद रमेश कौशिक, मेयर राजीव जैन, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया रहे।

### युवकों ने दुकानदार को पीटकर घायल किया

खरखौदा। झरोठी टोल प्लाजा के पास हमलावर युवकों ने पीट पीट कर एक दुकानदार को घायल कर दिया। कंवाली निवासी दीपक ने बताया कि वह रात्रि के समय अपनी दुकान के बाहर खड़ा खड़ा था। उसी समय झरोठी निवासी टिंकू, सुनील, अंकित व झरोठ निवासी ढीलू तीन चार वाहनों में अपने लगभग 15 साथियों के साथ दुकान पर आ गए। उन्होंने कहा कि मना करने के बावजूद उसने चाय आदि की दुकान क्यों कर रखी है।



सोनीपत। बिजली फीडर को चालू करते हुए सीनियर डिप्टी मेयर और बिजली कर्मी।

# गांव राठधना, जगदीशपुर और लिवान को अब 24 घंटे बिजली मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

राठधाना, जगदीशपुर और लिवान के निवासियों ने मनाया जश्न, अब शहरों की तरह मिलेगी चौबीसों घंटे बिजली – राठधाना, जगदीशपुर और लिवान गांवों के निवासियों का सालों पुराना सपना आज सच हो गया, जब सीनियर मेयर राजीव सरोहा के प्रयासों से एक नए बिजली फीडर को चालू कर उन्हें चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति मिलने लगी। सीनियर मेयर राजीव सरोहा के निरंतर प्रयत्न और बिजली विभाग के सहयोग द्वारा उठाया गया यह कदम शहरी क्षेत्रों के समान लगातार बिजली आपूर्ति की स्थानीय समुदायों की लगातार मांग को पूरा करता है। आज सुबह लगभग 10 बजे, नए फीडर के लिवर को आधिकारिक तौर पर राजीव सरोहा ने उठाकर चालू किया, जिसने इन तीनों गांवों के हजारों निवासियों के जीवन स्तर में एक महत्वपूर्ण सुधार को चिह्नित किया। इस पहल से विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होने से स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलने, शैक्षिक अवसरों में सुधार और समग्र दैनिक जीवन को बेहतर बनाने की उम्मीद है।

इस अवसर पर बोलते हुए, सोनीपत नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा राठधाना ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए

### घर का ताला तोड़कर आभूषण व 70 हजार रुपये ले गए चोर

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र स्थित अशोक विहार में मकान से सोने-चांदी के आभूषण व हजारों रुपये की राशि के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान मकान मालिक परिवार सहित उज्जैन घूमने के लिए गया हुआ था। वापस आने पर चोरी की वारदात का पता चला। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव पुरखास हाल में गली नंबर-1 निवासी करतार सिंह ने बताया कि वह 28 मई को अपनी पत्नी, बेटे और साले के साथ उज्जैन घूमने सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो अलमारी में रखे 70 हजार रुपये, दो तोले की सोने की चेन, आधे तोले की अंगूठी, तीन तोले के सोने के झूमके, 250 ग्राम चांदी के आभूषण एक-एक तोले के चांदी के 22 सिक्के और एक प्लाट की रजिस्ट्री गायब थी।

### सफाई न होने से नाले हुए ओवरफ्लो, लोग परेशान

**गन्नौर।** शहर की गढ़ी झझारा रोड पर नालों की सफाई न होने से ओवरफ्लो हुए नालों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से नालों की सफाई की मांग की है। स्थानीय वासी महेंद्र, विकास, नरेंद्र ,सुरेंद्र ने बताया कि नालों की सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती है, जिससे उनमें कचरा और गाद जमा हो जाता है। वहीं कुछ लोगों द्वारा नाले के ऊपर रैंप बनाए जाने के कारण हो रही परेशानी।

**गुमशुदा**

यह व्यक्ति जिस का नाम मनोज पुत्र मलिक सिंह निवासी है मकान न 1478



सेक्टर 2 रोहतक का रहने वाला जो मानसिक रूप से बीमार है और दिनांक 29/05/2025 को HDFC बैंक ताऊ नगर के पास से रोहतक अटलस साईकिल पर बिना बताये कही चला गया है जो भुरे रंग का कुर्ता पजामा, सफ़ेद रंग की चपल पहने हुए है कद 5 फूट 9 है जिस किसी को यह व्यक्ति दिखे थाना अर्बन एस्टेट रोहतक मे सूचित करे।

मोबाईल न. 01262-274604,
आई.ओ. संदीप - 9896411025

### आईसीएमएआई की कार्यकारिणी गठित

**सोनीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के सोनीपत चैप्टर की वार्षिक आम सभा का आयोजन चैप्टर की बिल्डिंग में किया गया। इस अवसर पर चैप्टर की प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में सीएमए प्रवीन मदान को चेयरपर्सन, सीएमए दिनेश खत्री को वाइस चेयरपर्सन तथा पवन कुमार को सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर चयनित किया गया। चेयरपर्सन बनाए जाने के पश्चात सीएमए प्रवीन मदान ने कहा कि आने वाले दिनों में विद्यालयों और महाविद्यालयों में करियर संबंधी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, ताकि छात्रों को लाभों के बारे में जानकारी दी जा सके।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन

# शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



रोहतक। बच्चों की शिक्षा पर विचार करते शिक्षक व अभिभावक।

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों ने अध्यापकों के साथ मिलकर अपने बच्चों की सह पाठयक्रम गतिविधियों, स्वभाव व अनुशासन संबंधी तथ्यों पर व उनके सर्वांगीण विकास के लिए विचार विमर्श किया। छात्रों के बौद्धिक विकास में अध्यापक व अभिभावक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों ही एक दूसरे के पूरक व छात्रों के सबसे अधिक शुभचिंतक होते हैं। इस दौरान छात्रों के आगामी शिक्षण संबंधी कार्यक्रमों तथा उन पर अमल करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को भी स्वयं अवलोकन के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वयं अवलोकन के माध्यम से विद्यार्थी अपने प्रति सचेत और जागरूक हो पाएंगे तथा अपने सभी कार्यों को सुचारु रूप से कर आत्मनिर्भर बनेंगे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, रेशमा, किरण, सीमा शर्मा, हर्ष, रुचि, रेखा, विन्नी, रितु, दीपमाला, शानू, स्नेह लता, शोभा, सुमित, रोहित, राजेंद्र, राहुल आदि उपस्थित रहे।

**अभिभावकों व शिक्षकों को तालमेल बेहतर शिक्षा का विकल्प**

प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने कहा कि जब अभिभावक और अध्यापक दोनों मिलकर बातचीत करें तभी बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही मार्ग पर चलाने व उनके अच्छे व्यक्तित्व निर्माण में अभिभावक शिक्षक बैठक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करती है। अभिभावकों और शिक्षकों के नेतृत्व से ही छात्रों में शिक्षा, संस्कार, संयम, व्यवहार, अनुशासन व अच्छे चरित्र का समावेश किया जा सकता है। शिक्षक के साथ-साथ अगर माता-पिता भी स्कूल की गतिविधियों में शामिल होते हैं तो छात्र शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक प्रदर्शन दोनों में सर्वोच्च रैंक प्राप्त कर सकते हैं।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### एसयूसीआई चलाएगी जन अभियान

**रोहतक।** लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, हर स्तर पर फैले भ्रष्टाचार, बिजली बिल ,स्मार्ट मीटर लगाने, किसानों पर बढ़ते कर्ज के बोझ, नई मार्केट कृषि नीति, स्वास्थ्य विभाग के निजीकरण, शिक्षा के निजीकरण, सड़कों की जर्जर हालत समेत अन्य समस्याओं को लेकर एसयूसीआई कम्युनिस्ट जिला स्तर पर जन अभियान चलाएगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनूप सिंह ने देते हुए बताया कि इस मीटिंग को पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड सत्यवान , राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, किसान नेता जयकरण मांडोठी ने संबोधित किया।




### मेमोग्राफी कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन

**रोहतक।** बहु अकबरपुर गांव में आर्य समाज मंदिर में रक्तगिरि फाउंडेशन द्वारा निशुल्क मेमोग्राफी कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 22 महिलाओं की जांच की गई। समाजसेवी पवन ने बताया कि "आधुनिक जीवनशैली और बदलते खान-पान के कारण महिलाओं में कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ रहा है और समय पर पहचान ही इसका सबसे बड़ा समाधान है। शिविर के आयोजन में मुकेश, महावीर, पुष्करर, राहुल शर्मा एवं सुभाष बल्हारा का विशेष सहयोग रहा। पवन बल्हारा ने चिकित्सकों की टीम को सम्मानित भी किया। चिकित्सकों की टीम ने न केवल मेमोग्राफी जांच की, बल्कि महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, नियमित स्क्रीनिंग की आवश्यकता और सावधानियों की जानकारी भी दी।



### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाया कैंप

**रोहतक।** शहीद मदन लाल ढींगरा प्रशिक्षण केंद्र में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक वार्ड 7 में वार्ड पार्षद कपिल नागपाल द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। जहां लगभग 80 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए। इस अवसर कैंप में कपिल नागपाल, हैप्पी अनेजा, अमित चावला, पप्पी अनेजा, लक्की आहूजा, लक्की खुराना, मनीष कावातड़ा , हरीश कावातड़ा, डॉ विजय कपूर, राजेश खुराना, ममता खुराना, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, पूजा चावला, योगिता चावला, सिमरन, संदीप कपूर मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद ने किया विकास कार्यों का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रविवार को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए महम हलका के सैमान गांव में करोड़ों रुपये की लागत से पूर्ण हुए कार्यों का उद्घाटन किया। 56 लाख रुपए की लागत से खेतों का रास्ता और 84 लाख की लागत से फिरनी और 19 लाख रुपए की लागत से मालिया नीम वाले रास्ते का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सभी सैमान गांव वासियों ने सांसद जांगडा का अभिनंदन किया और उनका आभार जताया।

सांसद रामचंद्र जांगडा ने गांववासियों को संबोधित करते हुए कहा की आज महम हलके में मुख्यमंत्री नायब सैनी की वजह से सबसे ज्यादा विकास कार्य चले हुए हैं। उन्होंने जो भी कार्य उन्हें दिया है मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से उनकी मंजूरी दी है। सैमान गांव में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की पाईप लाईन बिछाने का कार्य तुरंत प्रभाव से करवाया। जिससे सैकड़ों किसानों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा की महम हलके का गांव ऐसा नहीं है जहां पर विकास कार्य ना हो रहे हों। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आत्म निर्भर बनने की और बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए हर भारतीय को सहयोगी बनना होगा, महंत सतीश दास ने कहा सांसद रामचंद्र जांगडा ने महम में विकास कार्यो की बाढ़ सी ला दी है। हर रोज शिलान्यास उद्घाटन हो रहे हैं ।

### 56 लाख रुपए की लागत से खेतों के रास्ते से हुआ निर्माण



**महम।** सैमान गांव में विकास कार्यों का उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता वेद धवन, मंडल अध्यक्ष मनोज, जितेन्द्र सरपंच, पूर्व सरपंच रामनिवास, धर्मवीर खत्री, दिलीप, उर्मिला सरपंच, सुरेंद्र, जयभगवान, जसू नाई, राजेश आर्य व सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री बोले, पहरावर धाम में स्थापित होगी भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा

# पहरावर में बनेगा लॉ कॉलेज और भगवान परशुराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग : अरविंद

### मुख्यमंत्री ने किया पहरावर में पांच शिलान्यास, मैचिंग ग्रांट के लिए समाज करेगा पांच करोड़ रुपये एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गांव पहरावर में राष्ट्रीय स्तर का लॉ कॉलेज सहित गौड़ संस्था के प्रशासनिक भवन, भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल, भगवान परशुराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग फॉर गर्ल्स का मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया है, जिनका पर जल्द से जल्द काम शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एक तरह से शिक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया है। इस आयोजन में सर्व समाज की भागीदारी व शहीद, सैनिकों के सम्मान को समर्पित किए जाने की पूरे देश में चर्चा हो रही है। रविवार को कैबिनेट मंत्री सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की भव्य व सबसे बड़ी प्रतिमा समाज के सहयोग से रोहतक के पहरावर धाम में स्थापित की जाएगी। इसके लिए नामचीन आर्किटेक्ट्स व कारीगरों से विशेष कार्य योजना तैयार करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 50 साल बाद गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा कैम्पस में जो शुरुआत हुई हैं, उससे प्रदेश के युवाओं को बड़े अवसर व अपार संभावनाएं उपलब्ध होंगी। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैम्पस में भगवान परशुराम जन्मोत्सव अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में बड़ा जनसैलाब उमड़ा।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों गौड़ संस्था कैम्पस में शुभ शुरुआत हुई है, जिसको लेकर समाज में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सर्व समाज की भागीदारी व शहीद, सैनिकों के सम्मान को समर्पित किए जाने की पूरे देश मे चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां मैचिंग ग्रांट की घोषणा के साथ पहरावर कैम्पस में शैक्षणिक परिसरों के विकास को गति देने का काम किया है, वहीं गांव पहरावर में विभिन्न विकास कार्यों की मांगों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी सहमति देते हुए उनकी फिजिबिलिटी की जांच करवाते हुए पूरा करवाने का भरोसा दिया है।




**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा।

- 50 साल बाद तीसरे कैम्पस में हुए शिलान्यास से विप्र समाज व सर्व समाज मे खुशी की लहर

### चुनाव से पहले संस्था के सदस्यता अभियान को खुलवाया जाएगा

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के चुनाव से पहले संस्था के सदस्यता अभियान को खुलवाया जाएगा, इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी चर्चा करके अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव पहरावर द्वारा दान में दी गई जमीन पर कांग्रेस के समय में आई अड़चन को पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा दूर किया गया। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस परिसर में शुरुआत करते हुए जनभावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने श्रेय की लड़ाई पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा का हितैषी है, बच्चों का हितैषी है, उसे शिलान्यास हो चुकी 4 परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए।

# योग शिविर का हुआ समापन



**रोहतक।** शिविर में योग सिखते नेहरू कॉलोनी के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फैमिली पार्क, नेहरू कॉलोनी में चल रहे योग शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में पूनम मलिक योग शिक्षिका और राजकुमार सैनी योग शिक्षक ने योग सिखाया। इसके अलावा अतिथि योग शिक्षक मोहित सैनी, पवन कुमार और रवि कांत ने भी शिविर में योग का अभ्यास कराया और योग की बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने योग के विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान की तकनीकों के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। शिविर में बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास किया।

रविवार को शिविर के अंतिम दिन एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 86 लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई। इसके अलावा, बीपी और वजन की भी जांच की गई। मनोज सैनी एलटी ने ब्लड शुगर की जांच की, जबकि दिव्या मलिक नर्सिंग ऑफिसर ने बीपी और वजन की जांच की।

इस शिविर के आयोजन से लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होने का अवसर मिला और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी मिली। इस शिविर में सुरेश कुमार, हरीश चंदर, राजपाल यादव, जेपी सिंह और राजकुमार सैनी शामिल थे।

# बोहर के ग्रामीणों ने की जमीन से कब्जा छुड़वाने की मांग

**रोहतक।** गांव बोहर के लोगों ने गांव के कुछ लोगों पर उनके कुएं की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। अर्बन एस्टेट पुलिस को दी शिकायत में गांव बोहर निवासी अजय, राजेश, मुकेश सहित अन्य लोगों ने बताया कि कुछ लोगों ने उनके कुएं की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। उन्होंने डायल 112 को सूचना देकर पुलिस बुलाई तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।




**रोहतक।** अपनी समस्या के लिए अर्बन एस्टेट थाना में शिकायत देने आए गांव बोहर लोग।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# बाल संस्कार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रोहतक।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद महाराज व माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाल संस्कार का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद महाराज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में धन एकत्रित करना इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि संस्कारों को एकत्रित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से हम अपने स्कूल में कीर्तन किया करते हैं, उसी प्रकार से ट्रस्ट के बाल संस्कार के कार्यक्रम में भी यह होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें प्रातः उठकर अपने माता-पिता व गुरुजनों को नमस्कार करना चाहिए तथा उनकी निरंतर सेवा करनी चाहिए। हमें कभी भी भोजन को झूठा नहीं छोड़ना चाहिए। हमें उतना ही लेना चाहिए जितना कि हमें ग्रहण करने की क्षमता हो। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ रमेश वर्मा और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के हेड डॉ मंजूनाथ की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्यभर से आमंत्रित विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित यूडीएफ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास ने तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों, युवाओं में इसकी बढ़ती प्रवृत्ति, तथा इससे होने वाली बीमारियों और सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जागरूकता, नीति निर्माण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से तंबाकू को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

डॉ अमित व्यास ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से लेकर कई मंत्री और विधायक उनके अभियान का समर्थन कर चुके हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित यूडीएफ मेडिकल स्टूडेंट्स सेक्रेटरी डॉ अरिन दीक्षित ने भी भाग लिया। उन्होंने छात्र समुदाय में तंबाकू निषेध के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी और युवाओं को इस दिशा में नेतृत्व निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पीजीआईएमएस डायरेक्टर,विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यूडीएफ सचिव डॉ अलीशा पांचाल और डॉ सन्नी दुग्गल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य तंबाकू के दुष्परिणामों से छात्रों को अवगत कराना और उन्हें तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था।

वर्ष 2022 से, डॉ. लक्ष्य मित्तल के नेतृत्व में, यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट भारत में तंबाकू विरोधी अभियान की अग्रणी संस्था रही है। संगठन ने एक बार फिर अपने तंबाकू-मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया और सभी चिकित्सकों से नेतृत्व करने की अपील की।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता यूडीएफ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास को स्मृति चिन्ह देते पीजीआईएमएस में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ रमेश वर्मा व अन्य डॉक्टर।

## गांव की महिलाओं ने जलघर में पहुंचकर किया प्रदर्शन, टैंकरों से हो रही पेयजल आपूर्ति

# मोखरा में गहराया पेयजल संकट, 25 दिन से नहीं हुई है पेयजल आपूर्ति

- ग्रामीण खरीदकर पानी पीने को हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

जनस्वास्थ्य विभाग चार ग्राम पंचायतों वाले मोखरा गांव में पेयजल आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। इस गांव में पिछले 25 दिन से पेयजल की आपूर्ति नहीं की गई है। गांव के लोग पेयजल खरीदकर पीने को मजबूर हैं। गांव में पानी की आपूर्ति न किए जाने से ग्रामीणों के सामने नहाने और कपड़े धोने का भी संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों को पानी के लिए टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो उनके लिए काफी खर्चीला पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के प्रति ग्रामीणों में भारी रोष बना हुआ है।

रविवार को काफी संख्या में महिलाएं जलघर में पहुंची। इस दौरान उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने बताया कि जलघर में उनको जनस्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी नहीं मिला। सभी कर्मचारी नदारद पाए गए। जबकि विभाग द्वारा जलघर परिसर में डे नाइट शिफ्ट की ड्यूटी का नोटिस भी चस्पा किया हुआ है। महिलाओं ने बताया कि पिछले तीन दिन से नहर में भी पानी आया हुआ है। बावजूद इसके गांव में पेयजल की आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। इस बारे में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की थी, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया। जब जलघर में कोई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं रहेगा तो कैसे पेयजल संकट का समाधान हो पाएगा।

गांव की महिलाओं ने यहां पर तैनात कर्मचारियों पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। कहा है कि यहां पर कर्मचारी बाहर से महिलाओं को बुलाते हैं और वे यहां पर ठहरती हैं। बच्चों पर भी इस बात का गलत असर पड़ रहा है।



**महम।** टैंकर से पानी की प्यास बुझाती मोखरा गांव की महिलाएं।



**महम।** पेयजल आपूर्ति बहाली की मांग को लेकर जलघर में प्रदर्शन करती महिलाएं।

### ये रहे मौजूद

गांव के सरपंच नीटू मलिक, सरपंच मंजूदेवी, मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक, दिलबाग सिंह, जयभगवान, रामबिलास, रमेश, कमलेश, बालां देवी, कमलो देवी, कविता, सरोज, राजो देवी, छोटी, शीला, रानी और बिमला ने समेत अनेक ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति करवाने और लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।